प्रेषक,

रजत सिंह यादव
सिविल जज (जू०डि०)/
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,
मौदहा, हमीरपुर।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा, माननीय जनपद न्यायाधीश,
हमीरपुर।

विषयः- <u>पासपोर्ट हेतु अनुमति अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाने के संबंध में।</u>

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी के पासपोर्ट हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र आवश्यक है। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा जारी परिपत्र सं०- 16044/Ivf-101/Admin (A)/Dated; 24/11/2015 द्वारा इस संबंध में अण्डरटेकिंग, नोटरी शपथ पत्र एवं चार फोटोग्राफ्स, जिनको माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा सत्यापित किया गया हो, ऑनलाइन प्रेषित करने हेतु तथा हार्ड कॉपी भी प्रेषित करने हेतु आदेशित किया गया है। इस संबंध में सादर निवेदन है कि मैं नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र, अपने चार फोटोग्राफ्स, जिनमें से एक माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा सत्यापित किया गया है एवं अण्डरटेकिंग माननीय न्यायालय की सेवा में सादर प्रेषित कर रहा हूं। साथ ही मेरे द्वारा मुझ पर आश्रित व्यक्तियों का विवरण भी इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

अतः माननीय महोदय से विनम्र निवेदन है कि मुझे पासपोर्ट हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी हेतु पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें।

सादर!

दिनांक-20/03/2023

भवदीय

Rajat 20/3/23

(रजत सिंह यादव),
सिविल जज (जू०डि०)/
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,
मौदहा, हमीरपुर।

<u>संलग्नक-</u>

1- नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र।
2- स्वयं के चार फोटोग्राफ्स, जिनमें से एक माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा सत्यापित किया गया है।
3- अण्डरटेकिंग।
4- आश्रित व्यक्तियों के विवरण से संबंधित पत्र।

<u>कार्यालय- जनपद न्यायाधीश, हमीरपुर।</u>

पत्रांक सं०- 688/I-38-19 हमीरपुरः दिनांकितः मार्च 22, 2023

अग्रसारित!

जनपद न्यायाधीश,
हमीरपुर।